बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, जमुई
विज्ञापन आमंत्रण सूचना संख्याः–01/2026–27
चतुर्थ श्रेणी के इच्छुक संवेदकों का सूचीबद्धता हेतु प्रस्ताव

भवन निर्माण विभाग, बिहार पटना के विभागीय **पत्रांकः–10504 (भ0) अनु0, दिनांकः–08.10.2018** के आलोक में एतद् द्वारा संबंधित संवेदकों को सूचित किया जाता है कि भवन प्रमंडल, जमुई में वित्तीय वर्ष **2026–27** में अनुरक्षण/ मरम्मति शीर्ष के अन्तर्गत आकस्मिक/ आपातकालीन/अत्यावश्यक स्थिति में भवन संबंधी कार्यो के लिए नामांकन के आधार पर कार्य आवंटन एवं कार्य करने हेतु इस प्रमंडल में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी के 20 संवेदकों का विहित विभागीय प्रक्रिया के अनुसार चयन/सूचीबद्धता हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है।

उक्त प्रस्ताव विहित प्रपत्र में स्पष्ट एवं पठनीय (कम्प्यूटराइज) रूप से भरकर वाँछित कागजातों एवं आवश्यक अग्रधन की राशि रूपये 5000.00 (पाँच हजार रूपये) (O-GRAS) पोर्टल (https;//e-receipt.bihar.gov.in) के E-Payment /Payment over the bank counter (cash/cheque) के माध्यम से कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, जमुई के पदनाम से भुगतेय चालान जमा करना अनिवार्य होगा, (जो लौटाया नहीं जायेगा) के साथ दिनांकः–**21.04.2026** को **1:00 बजे** तक प्रमण्डलीय कार्यालय में समर्पित करना होगा।

प्रस्ताव हेतु विहित प्रपत्र/प्रारूप कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, जमुई कार्यालय के प्राक्कलन शाखा से दिनांकः–**20.04.2026** तक प्राप्त कर सकते है। विहित प्रपत्र दो खण्डो में होगा। प्रपत्र 'क' एवं प्रपत्र 'ख'। प्रपत्र 'क' में आवेदक का बायोडाटा एवं वाँछित प्रमाण–पत्र, प्रपत्र 'ख' में आवेदक द्वारा इस प्रमण्डल में विगत तीन वर्षो (**2023–24, 2024–25 एवं 2025–26**) में अनुरक्षण/मरम्मति अन्तर्गत किये गये कार्यो का विवरण होगा। यह विवरणी कार्यपालक अभियंता द्वारा सत्यापित होना आवश्यक है अन्यथा इसे अमान्य कर दिया जायेगा। प्रपत्र 'क' एवं प्रपत्र 'ख' को एक बड़े आकार के लिफाफे में बन्द कर तथा उसके ऊपर अपना नाम एवं वर्त्तमान पता अंकित कर कार्यपालक अभियंता कार्यालय में उपरोक्त वर्णित तिथि को समर्पित करना होगा। वैसे संवेदक जो पूर्व में सूचीबद्धता द्वारा दिये गये कार्य को अपूर्ण अथवा कार्य करने से इनकार किये हो, वैसे संवेदक इस सूचीबद्धता हेतु प्रस्ताव के पात्र नहीं होगें।

संवेदकों की सूचीबद्धता केवल वित्तीय वर्ष **2026–27**के लिए भवन निर्माण विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देश/पत्र के आधार पर किया जायेगा। उक्त दिशा निर्देश/पत्र के संबंध में कार्यपालक अभियंता कार्यालय से विशेष जानकारी किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

कागजातों की संलग्न सूची निम्नवत है।

(i) निबंधन प्रमाण–पत्र।

(ii) PAN कार्ड।

(iii) जी0 एस0 टी0 प्रमाण–पत्र।

(iv) चरित्र प्रमाण–पत्र।

(v) कार्यलंबित/डीबार/काली सूची में दर्ज न होने का शपथ–पत्र।

(vi) जी0 एस0 टी0 सफाया प्रमाण–पत्र।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, जमुई।

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

PR. No. 000150 (BCD) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।